**खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश,**

**खेल भवन, लखनऊ।**

विज्ञप्ति संख्या:- 813 /अन्त0पदकविजेता/नियुक्ति-2026 दिनॉक 15 जुलाई, 2026

**विज्ञप्ति**

खेल अनुभाग, उ0प्र0शासन की अधिसूचना संख्या-731/बयालिस-2022-110(विविध)/2016 टी0सी0-1 दिनांक 25 मई, 2022 (यथा संशोधित) शासनादेश संख्या-आई/1391776/2026, दिनॉक 10-07-2026 द्वारा निर्गत उत्तर प्रदेश अन्तर्राष्ट्रीय पदक विजेता सीधी भर्ती नियमावली-2022 में विद्यमान व्यवस्था के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के मूल निवासी खिलाड़ी जो दिनॉक 01-09-2020 को या उसके पश्चात अन्तर्राष्ट्रीय खेलों में पदक जीत चुके हैं, की नियुक्ति चिन्हॉकित विभागों में चिन्हॉकित पदों को भरे जाने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। पदों का विवरण निम्नवत है :-

**श्रेणी-1**

| क्र0 सं0 | सेवा का नाम व विभाग | पद का नाम | पद संख्या | वेतनमान | शैक्षिक, खेल एवं अन्य योग्यतायें |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उ0प्र0 प्रान्तीय विकास सेवा। ग्राम्य विकास | खण्ड विकास अधिकारी | 03 | वेतन मैट्रिक्स लेवल-10 रू0 56100-177500 | **1-** खिलाड़ी के लिए उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना आवश्यक है।<br>**2-** दिनॉक 01-09-2020 को या उसके पश्चात ओलम्पिक/ पैरालम्पिक खेलों में स्वर्ण/रजत/कांस्य पदक विजेता और विश्व चैम्पियनशिप/ विश्वकप (04 वर्षों के अन्तराल पर आयोजित), एशियाई खेलों/कामनवेल्थ खेलों के स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी।<br>**3-** खिलाड़ी के पास संबंधित सेवा नियमावली/कार्यकारी अनुदेशों में ऐसे पदों पर सीधी भर्ती हेतु सरकार द्वारा विहित न्यूनतम शैक्षिक अर्हताएं और अनुभव, यदि कोई हो, होना चाहिए।<br>यदि खिलाड़ियों के पास अपेक्षित अर्हता न हो, तो उसे संबंधित विभाग में नियुक्ति के दिनॉक से सात वर्षों की अवधि |
| 2 | उत्तर प्रदेश शैक्षिक (सामान्य शिक्षा संवर्ग) सेवा। बेसिक शिक्षा | जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी | 01 | वेतन मैट्रिक्स लेवल-10 रू0 56100-177500 | |
| 3 | उत्तर प्रदेश शैक्षिक (सामान्य शिक्षा संवर्ग) सेवा। माध्यमिक शिक्षा विभाग | सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक | 02 | वेतन मैट्रिक्स लेवल-10 रू0 56100-177500 | |
| 4 | उत्तर प्रदेश खेलकूद निदेशालय (राजपत्रित) सेवा। खेल विभाग | क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी | 05 | वेतन मैट्रिक्स लेवल-10 रू0 56100-177500 | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | के भीतर अपेक्षित अर्हता अर्जित करनी होगी। परन्तु यह कि नियुक्त किया गया व्यक्ति सम्बन्धित सेवा में पदोन्नति हेतु विचार किये जाने के लिए तब तक पात्र नहीं होगा/होगी जब तक कि वह विहित अर्हताएं अर्जित नहीं कर लेता/लेती है। |

श्रेणी-2

| क्र0 सं0 | सेवा का नाम व विभाग | पद का नाम | पद संख्या | वेतनमान | शैक्षिक, खेल एवं अन्य योग्यतायें |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उ0प्र0 युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल/प्रादेशिक विकास दल अधिकारी सेवा। युवा कल्याण विभाग | जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी | 03 | वेतन मैट्रिक्स लेवल-8 रू0 47600-151100 | **1-** खिलाड़ी के लिए उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना आवश्यक है। **2-** दिनॉक 01-09-2020 को या उसके पश्चात विश्वकप/ विश्व चैम्पियनशिप (04 वर्षों के अन्तराल पर आयोजित), एशियाई खेलों/कामनवेल्थ खेलों के रजत पदक विजेता खिलाड़ी। **3-** खिलाड़ी के पास संबंधित सेवा नियमावली/कार्यकारी अनुदेशों में ऐसे पदों पर सीधी भर्ती हेतु सरकार द्वारा विहित न्यूनतम शैक्षिक अर्हताएं और अनुभव, यदि कोई हो, होना चाहिए। यदि खिलाडियों के पास अपेक्षित अर्हता न हो, तो उसे संबंधित विभाग में नियुक्ति के दिनॉक से सात वर्षों की अवधि के भीतर अपेक्षित अर्हता अर्जित करनी होगी। परन्तु यह कि नियुक्त किया गया व्यक्ति सम्बन्धित सेवा में पदोन्नति हेतु विचार किये जाने के लिए तब तक पात्र नहीं होगा/होगी जब तक कि |
| 2 | उ0प्र0 खेलकूद निदेशालय (अधीनस्थ) सेवा। खेल विभाग | क्रीड़ा अधिकारी | 09 | वेतन मैट्रिक्स लेवल-8 रू0 47600-151100 | |
| 3 | उ0प्र0 क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा। वन विभाग। | क्षेत्रीय वन अधिकारी | 02 | वेतन मैट्रिक्स लेवल-8 रू0 47600-151100 | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | वह विहित अर्हताएं अर्जित नहीं कर लेता/लेती है। |

श्रेणी-3

| क्र0 सं0 | सेवा का नाम व विभाग | पद का नाम | पद संख्या | वेतनमान | शैक्षिक, खेल एवं अन्य योग्यतायें |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उ0प्र0 परिवहन कराधान (अधीनस्थ) सेवा। परिवहन विभाग। | यात्रीकर/मालकर अधिकारी | 01 | वेतन मैट्रिक्स लेवल-7 रू0 44900-142400 | **1-** खिलाड़ी के लिए उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना आवश्यक है। **2-** दिनॉक 01-09-2020 को या उसके पश्चात विश्वकप/ विश्व चैम्पियनशिप (04 वर्षों के अन्तराल पर आयोजित), एशियाई खेलों/कामनवेल्थ खेलों के कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी। **3-** खिलाड़ी के पास संबंधित सेवा नियमावली/कार्यकारी अनुदेशों में ऐसे पदों पर सीधी भर्ती हेतु सरकार द्वारा विहित न्यूनतम शैक्षिक अर्हताएं और अनुभव, यदि कोई हो, होना चाहिए। यदि खिलाड़ियों के पास अपेक्षित अर्हता न हो, तो उसे संबंधित विभाग में नियुक्ति के दिनॉक से सात वर्षों की अवधि के भीतर अपेक्षित अर्हता अर्जित करनी होगी। परन्तु यह कि नियुक्त किया गया व्यक्ति सम्बन्धित सेवा में पदोन्नति हेतु विचार किये जाने के लिए तब तक पात्र नहीं होगा/होगी जब तक कि वह विहित अर्हताएं अर्जित नहीं कर लेता/लेती है। |
| 2 | उ0प्र0 खेलकूद निदेशालय (अधीनस्थ) सेवा। खेल विभाग | उप क्रीड़ाधिकारी | 23 | वेतन मैट्रिक्स लेवल-6 रू0 35400-112400 | |

<u>अन्य शर्ते :-</u>

1- उपरोक्त पदों का विवरण एवं आवेदन पत्र का प्रारूप खेल विभाग, उ0प्र0 की वेबसाइट **upsports.gov.in/sportsdirectorate** एवं खेल साथी पोर्टल **https://khelsathi.in/"** पर उपलब्ध है जिसे आवेदक डाउनलोड कर सकते हैं।

2- आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भरकर आवेदन पत्र के साथ वॉछित सभी प्रमाण पत्रों (शैक्षिक, खेल उपलब्धियॉ, उ0प्र0 निवासी होने का मूल निवास प्रमाण पत्र) की छायाप्रति राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित या स्वयं प्रमाणित कर **निदेशक, खेल, उत्तर प्रदेश, खेल निदेशालय, खेल भवन, के0डी0 सिंह बाबू स्टेडियम, लखनऊ**-226001 को **पंजीकृत डाक** अथवा **स्वयं के माध्यम से** दिनॉक 08-08-2026 की सायं 5.00 बजे तक जमा कर सकते हैं।

3- आवेदनकर्ता को स्पष्ट रूप से आवेदन फार्म पर अंकित करना अनिवार्य होगा कि वह किस श्रेणी में एवं किस पद हेतु आवेदन कर रहा है।

4- यदि चयन समिति द्वारा साक्षात्कार कराया जाता है तो साक्षात्कार परीक्षा में भाग लेने हेतु कोई यात्रा/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा।

5- जो खिलाड़ी सरकारी सेवा में हैं, उनको आवेदन पत्र के साथ अपने विभाग के विभागाध्यक्ष से अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

6- आवेदन पत्र प्राप्त होने की अन्तिम तिथि 08-08-2026 की सायं 5.00 बजे तक है। इसके पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

7- चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा।

( डॉ0 आर0 पी0 सिंह )
निदेशक, खेल।

# आवेदन का प्रारूप

पासपोर्ट आकार का छायाचित्र

| अधिमान क्रमांक | पद का नाम | |
|---|---|---|
| 1 | | |
| 2 | | |
| 3 | | |
| 4 | | |
| 5 | | |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | नाम | |
| 2 | पिता का नाम | |
| 3 | माता का नाम | |
| 4 | लिंग (पुरूष/महिला) | |
| 5 | राष्ट्रीयता | |
| 6 | शैक्षिक अर्हता | |
| 7 | जन्मतिथि | |
| 8 | श्रेणी(अनुसूचितजनजाति/अनूसूचित जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/सामान्य) | |
| 9 | धर्म | |
| 10 | वैवाहिक प्रास्थिति (विवाहित/अविवाहित) | |
| 11 | खेल उपलब्धियाँ | |
| 12 | वर्तमान पता | |
| 13 | स्थायी पता | |
| 14 | आधार नम्बर | |
| 15 | सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत अधिवास प्रमाण-पत्र | |

**घोषणा**

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार शुद्ध और सत्य है और कुछ भी छिपाया नहीं गया है।

स्थानः

दिनांकः

संलग्नकः

नाम और अभ्यर्थी का हस्ताक्षर

मो0 नं0

APPENDIX-D

Application format

PASSPORT SIZE PHOTOGRAPH

| Preference Order | Name of Post |
|---|---|
| 1 | |
| 2 | |
| 3 | |
| 4 | |
| 5 | |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name | |
| 2 | Father's name | |
| 3 | Mother's name | |
| 4 | Sex (male/female) | |
| 5 | Nationality | |
| 6 | Educational Qualification | |
| 7 | Date of Birth | |
| 8 | Category (ST/SC/OBC/GEN) | |
| 9 | Religion | |
| 10 | Marital Status (married/unmarried) | |
| 11 | Sporting Achievements | |
| 12 | Present address | |
| 13 | Permanent address | |
| 14 | Aadhaar number | |
| 15 | Domicile certificate issued by the Competent Authority | |

UNDERTAKING

I do hereby undertake that the above information given by me is correct and true to the best of my knowledge and belief and nothing has been concealed.

Place:

Date:

Enclosures:

Name& Signature of candidate

Mo. No.